एक नजर में

रन फॉर यूनिटी कल

बुरहानपुर। जिले में 31 अक्टूबर, 2025 दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाना है। र्रन फॉर यूनिटीष प्रात: 8 बजे से सिंधीबस्ती चौराहा से प्रारंभ होकर मरीचिका गार्डन, आदर्श कॉलोनी, बारी समाज मंगल भवन होते हुए सागर टावर लालबाग पर समाप्त होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिले के गणमान्य नागरिकगण, युवाओं,अधिकारियों.कर्मचारियोंए विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की जायेगी।

थाने में सूचना देने एवं बन्धपत्र हेतु आदेशित

बुरहानपुर। राज्य सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हर्ष सिंह ने मण्प्रण् राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये ग्राम देड़तलाई निवासी इम्तियाज अख्तर आयु 44 वर्ष को अपने आने.जाने की सूचना थाना खकनार में स्वयं उपस्थित होकर देने हेतु आदेशित किया है। वहीं इम्तियाज अख्तर को छ: माह की अवधि के लिये सदाचार बनाये रखने हेतु 50 हजार रूपये का बन्धपत्र एवं इतनी ही राशि की प्रतिभूति निष्पादित करने हेतु भी आदेशित किया गया है।

रेवा गुर्जर समाज नगर कार्यकारणी मंडल की बैठक

बुरहानपुर। रेवा गुर्जर समाज नगर कार्यकारणी मंडल की बैठक स्थानीय गुर्जर भवन स्थित मंदीर कक्ष में बैठक का आयोजन हुआद्य नगर कार्यकारी मंडल द्वारा निर्णय लिया गया कि भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर शुक्रवार को रक्तदान शिविर एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में युवा, समाज जन एवं समाजसेवी भाग लेंगे। रेवा गुर्जर समाज मंडल के नगर प्रचार प्रमुख सचिन चौधरी एवं कार्यकारणी सदस्य किशोर पाटिल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 31 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ होगीद्य तथा सरदार पटेल के देश निर्माण में योगदान को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया जायेगा। उसके पश्चात रक्तदान शिविर का आयोजन होगा।

शाहपुर में हुआ स्वास्थ्य शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

शाहपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंगीकार के तहत नगरीय विकास एवं आवास विभाग,मध्यप्रदेश द्वारा नगर परिषद् शाहपुर में एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनसेवा, जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन के विभिन्न पहलुओं को केंद्र में रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड क्रमांक 11 स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रए शाहपुर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर से हुई। इस शिविर में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच,शुगर,ब्लड प्रेशर,ब्लड टेस्ट,एक्स.रे सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं एवं आयुष्यमान कार्ड भी बनाये गए! बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर अपने स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और नि:शुल्क परामर्श का लाभ उठाया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में नगर परिषद् सभागार में एक जनजागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिलीप चौहान ने की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित स्व.सहायता समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनाए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजना ;शहरीद्ध तथा प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री चौहान ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य शहरों में स्वरोजगारए आवास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। उन्होंने महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में नगर परिषद् इंजीनियर राहुल चौहान,श्री पुंडलिक भूते, सामुदायिक संगठिका भारती महाजन, चेतन महाजन तथा रमाकांत महाजन सहित नगर परिषद् के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र.छात्राओं के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2ण्0 अंगीकार के संदर्भ में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योजना के उद्देश्योंए पात्रता मानदंडों तथा इससे मिलने वाले लाभों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता और नागरिक दायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। पूरे आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें योजनाओं से सीधे जोड़ना था। इस सफल आयोजन के लिए नगर परिषद् शाहपुर की टीम की सराहना की।

कलाल समाज के इष्ट देव सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का जन्मोत्सव मनाया



नेपानगर। कलाल समाज के इष्ट देव सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का जन्मोत्सव मनाने के लिए नेपानगर शहर के समस्त कलाल समाज के सजातीय बंधु मंगलवार को एकत्रित हुए। उत्साह के साथ सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती के उपलक्ष में सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के छाया चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर पूजा अर्चना की। समाजजनों को मिठाई बांटकर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का जन्मोत्सव बनाया गया। इस जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त समाजजनों ने एक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से कलाल समाज के आराध्य देव सहस्त्रबाहु अर्जुन के मंदिर की नेपानगर में स्थापना किए जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान समाज जनों के मार्गदर्शन पर सभी ने एकमत एक राय होकर मंदिर निर्माण के लिए नेपा लिमिटेड के संपदा विभाग पहुंचकर मंदिर निर्माण के लिए भूमि दिए जाने के लिए लिखित पत्र सौंपा ताकि इष्ट देव का मंदिर बनाया जा सके। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन सुरेश लाल जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, ईश्वरलाल जायसवाल, रमेश जायसवाल,योगेश चौकसे आदि मौजूद थे।

एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू होकर 7 फरवरी तक चलेगी

जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुधवार को कलेक्ट्रोरेट कार्यालय मीटिंग हॉल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष सिंह की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित रही। प्रेसवार्ता में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण.2025 के संबंध में आयोग से प्राप्त नवीन निर्देशों एवं कार्यक्रमों से मीडिया साथियों को अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह ने कहा है कि जिले में एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू होकर 7 फरवरी, 2026 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैए जो मतदाता सूची के शुद्धिकरण के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा। इसमें बीएलओ घर.घर जाकर गणना पत्रक में जानकारी एकत्रित करेंगे जिसके आधार पर ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी। ड्राफ्ट नामावली में दावा.आपत्ति आमंत्रित किए जाएंगेए जिनके सुनवाई व प्रमाणीकरण के उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक गणना पत्रकों का मुद्रण और संबंधित प्रशिक्षण चरण होगा। घर.घर गणना का चरण 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित होगाए जिसमें बीएलओ अधिकतम तीन बार घरों पर जाकर संपर्क करेंगे। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा। 8 जनवरी तक दावा और आपत्ति दर्ज करवाने की अवधि होगी। नोटिस चरण 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक चलेगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष सिंह ने गणना पत्रकए नए नामांकन के लिए फॉर्म 6ए विलोपन के लिए फॉर्म 7 और स्थानांतरण के लिए फॉर्म 8 की जानकारी देकर अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गणना पत्रक में क्यूआर कोड होगाए जिसकी सहायता से त्रुटिरहित गणना संभव हो सकेगी। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में भ्रांति और अफवाहों पर अंकुश रखने में योगदान देने की अपील की तथा विशेष गहन पुनरीक्षण का व्यापक प्रचार.प्रसार करने की बात भी कही। प्रेसवार्ता में अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहानए डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश पाटीदार सहित मीडिया साथीगण उपस्थित रहे।

पुलिस ने 9 जगह दबिश देकर पकड़ी अवैध शराब

नेपानगर। एसपी देवेंद्र पाटीदार ने क्राइम मिटिंग में ताकीद की थी कि पुलिस अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई करे। इसके बाद नेपा थाना और नावरा चौकी पुलिस ने एक ही दिन में 9 अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब के खिलाफकार्रवाई कर आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज किए हैं।

नावरा चौकी पुलिस ने आरोपी कला बेना बाई पति श्रीराम धुर्वे निवासी गोराड़िया से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद केस दर्ज किया। नेपा थाना पुलिस ने ग्राम डवालीखुर्द में दबिश देकर आरोपी गब्बर सिंग पिता प्यार सिंग निवासी डवालीखुर्द से 7 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की। ग्राम सोनुद में दबिश देकर आरोपी पूनम पिता मोतीराम निवासी सोनुद से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। सोनुद में ही बबलु पिता विश्राम निवासी सोनुद से 8 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। डवालीकला में दबिश देकर अतुल पिता रामसिंग निवासी डवालीकला को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 16 नग देसी प्लेन शराब पकड़ी गई है। नावरा चौकी पुलिस ने गोराड़िया में मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी कला बाई पति हीराचंद निवासी गोराड़िया से 6 लीटर शराब बरामद की। डवालीखुर्द में सुनिल पिता पूनमचंद्र चौहान से 16 नग देसी प्लेन शराब के क्वार्टर जब्त कर केस बनाया गया। सोनुद में सुभाष पिता रामसिंग से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद कर केस बनाया गया। नेपानगर के इंदिरा नगर में मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी अशोक उर्फमुन्ना पिता बाबूलाल चंदेले को शराब बेचते पकड़ा गया। 10 पन्नियों में भरी शराब जब्त की। सभी आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

सायबर सेल बुरहानपुर ने 6 माह के गुम 11 .40 लाख के मोबाइल किए सुपुर्द

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार पाटीदार के नेतृत्व में जिला सायबर सेल अपराधियों तक पहुंचने में तकनीकी सहायता देने के साथ.साथ गुम मोबाइलों को ट्रेस करने का कार्य भी कर रही है। सायबर सेल ने पिछले 06 माह की अवधि के दौरान गुम हुए करीबन 11,40,000 कीमत के 76 मोबाइलों को ट्रेस किया है। ट्रेस किए गए मोबाइल उनके मालिकों को पुलिस अधीक्षक द्वारा लौटाए जा रहे है। ट्रेस किए गए मोबाइलों में 10000 से लेकर 40000 तक के महंगे एंड्रॉयड मोबाइल शामिल है। उक्त गुमे हुए मोबाइल स्थानीय क्षेत्रों के साथ साथ सीमावर्ती जिले धारए खरगोनए आलीराजपुर व महाराष्ट्र राज्य से भी बरामद किये गये है। ट्रेस किए गए कई मोबाइल पढ़ाई करने वाले छात्रों के है।

वर्तमान समय में मोबाइल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। वॉइस कॉल, वीडियो कॉल,ऑनलाइन खरीददारी से लेकर पेमेंट अथवा बैंकिंग संबंधी सभी कार्य मोबाइल द्वारा किए जा रहे है। मोबाइल गुम होने पर आर्थिक नुकसान होने के साथ साथ कई परेशानियां बड़ी हो जाती है। मोबाइल गुम की शिकायत मिलने पर सायबर सेल तत्काल अलर्ट होकर मोबाइल को ट्रैकिंग पर लगाती है। लगातार फॉलोअप करने के परिणाम स्वरूप सायबर सेल को यह सफलता मिली है। मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिकों ने बुरहानपुर पुलिस एवं साइबर सेल टीम के प्रति आभार व्यक्त किया तथा पुलिस के इस जनहितैषी कार्य की सराहना की।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने टीम के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि श्जनता की मदद करना और उनकी खोई हुई वस्तुओं को वापस दिलाना पुलिस का मानवीय कर्तव्य है। मोबाइल फोन को ट्रेस करने में सायबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक प्रीतम सिंह ठाकुर, आरक्षक दुर्गेश पटेल, आर.सत्यपाल बोपचे, आर.ललित चौहान, आर.शक्ति सिंह तोमर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। स्वदेशी अपनाओ ,राष्ट्र को आगे बढ़ाओ् जनजागरूकता अभियान के अवसर पर निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल ने शहरवासियों से जनता से स्थानीय व्यापारियों,स्वयंसेवी संगठनों और नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया। महापौर ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के आह्वान को जन.जन तक पहुंचाने का एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देंगेए तो देश की आर्थिक स्थिति और स्थानीय रोजगार दोनों को बल मिलेगा।

निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दर कम करने पर नगर निगम बुरहानपुर द्वारा मेयर इन कौंसिल के सदस्य द्वारा प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञाप्त किया तथा कहा कि भारत सरकार ने परिवर्तनकारी नेक्स्ट.जेन जीएसटी रिफॉर्म्स की शुरुआत की हैए जो भारत की अर्थव्यवस्था को नया आकार देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। केंद्र सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व में ये सुधार अब जीएसटी काउन्सिल की सर्वसम्मत मंजूरी के साथ साकार हो गए हैं। इन सुधारों को किसानोंए एमएसएमई ,व्यापारियों,महिलाओं, युवाओं और मध्यम वर्ग सहित प्रमुख क्षेत्रों को लाभ पहुँचाने के लिए बनाया गया है।

आमजन की मांग, कोरोना के समय से स्थगित यात्री ट्रेनें बहाल करें रेलवे

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। कोरोना के समय से 3 यात्री ट्रेनों के स्टापेज नेपानगर में नहीं है। आमजन की ओर से लगातार मांग की जा रही है कि स्थगित ट्रेनों के स्टापेज यथावत किए जाएंए लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि इसे लेकर लोगए यात्री कई बार रेलवे अफसरोंए जनप्रतिनिधियों ने मांग कर चुके हैं। सामाजिक संस्थाओं ने भी कई बार रेलवे डीआरएम को ज्ञापन सौंपे हैं।

लोगों का कहना है कि अब नेपानगर रेलवे स्टेशन का 22 करोड़ की लागत से कायाकल्प हो रहा हैए लेकिन यहां अधिकांश यात्री ट्रेनों के स्टापेज नहीं होने से करोड़ों की राशि खर्च करने का कोई औचित्य नहीं है। लोगों की मांग है कि कोरोना के समय से स्थगित यात्री ट्रेनों को पुन: बहाल किया जाना चाहिए ताकि स्थानीय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। इससे रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी। पंजाब मेल ट्रेन के भी स्टॉपेज की मांग यहां लंबे समय से हो रही है।

22 करोड़ की लागत से हो रहा स्टेशन का कायाकल्प:-करीब 22 करोड़ की लागत से नेपानगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। स्टेशन का लगभग आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। एफओबी की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में चल रही है। यात्रियों के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन नगर ट्रेनों की सुविधा से वंचित है। यहां महानगरीए हावड़ा कलकत्ता मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन के अलावा नागपुर भुसावल ट्रेन का भी स्टापेज हुआ करता थाए लेकिन तीन में से दो ट्रेनें दूसरे स्टेशनों पर नियमित रूप से रूक रही है जबकि नागपुर भुसावल को रेलवे ने दोबारा शुरू नहीं किया है। लोगों का कहना है कि यहां अखबारी कागज मिल भी है। स्थानीय लोगों ने यहां स्टापेज के लिए पहले आंदोलन तक किया था तब कहीं जाकर अन्य यात्री ट्रेनें वापस से चालू हुई थी।

नगर में बन रहा अंडरपास:- नगर में रेलवे ओवरब्रिज अस्तित्व में आने के बाद रेलवे ने मातापुर बाजार रेलवे गेट को बंद कर दिया तब से यह बंद है। सारा यातायात ओवरब्रिज से ही आवागमन कर रहा है।

34 करोड़ की लागत से बनेगा निगम का नवीन भवन, सीमांकन एवं लेवलिंग कार्य प्रारंभ

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगर निगम बुरहानपुर के नवनिर्मित भवन के निर्माण कार्य की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। राज्य बीज निगम की भूमि,जिस पर नगर निगम का नया प्रशासनिक भवन प्रस्तावित है, आज विधिवत सीमांकन एवं भूमि समतलीकरण लेवलिंग कार्य प्रारंभ किया गया।

महापौर माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर अतुल पटेल निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू ने स्थल पर पहुँचकर कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अभियंता को निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण पारदर्शिता और समय.सीमा के साथ पूरा किया जाए। महापौर जी ने कहा नगर निगम का नया भवन केवल एक संरचना नहीं होगाए बल्कि यह शहर के विकास का प्रतीक बनेगा। यहां से बुरहानपुर के नागरिकों को अधिक सुलभए पारदर्शी और त्वरित सेवाएँ मिल सकेंगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि सीमांकन की प्रक्रिया, लेवलिंग के तकनीकी पहलुओं और भावी निर्माण क्षेत्र के नक्शे का भी अवलोकन किया।

महापौर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान पर्यावरणीय संतुलन एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्य स्थल पर निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल ,पुर्व महापौर अतुल पटेल ,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ,कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, सहायक यंत्री अशोक पाटिल,गोपाल महाजन,नगर निगम के संबंधित विभागों के अधिकारी, अभियंता, तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे। भूमि सीमांकन के उपरांत शीघ्र ही भवन की नींव कार्यवाही प्रारंभ किए जाने की तैयारी की जा रही है।

बुरहानपुर नगर निगम के आधुनिक कार्यालय भवन के निर्माण का रास्ता अब साफहो गया है। बिटिया रोड़ पर जिला चिकित्सालय के पास बीज निगम की भूमि पर 9ण63 एकड़ भूमि पर बनने वाले इस भवन के लिए 34 करोड़ 3 लाख रुपए की धनराशि से बनकर तैयार होगा। लंबे समय से अटका नगर निगम का नया भवन बनने में अब तेजी की उम्मीद है। बिटिया रोड पर जिला चिकित्सालय के बाजू में बीज निगम की जमीन पर इंदिरा कॉलोनी के सामने यह नया भवन बनने से शहर वासियों को एक ही जगह पर सभी सुविधाएं मिलेंगीए जिससे समय और श्रम की बचत होगी। इस प्रस्तावित नए नगर निगम कार्यालय के बिल्डिंग को ग्रीन पर्यावरण युक्त अनुकूल ग्रीन बिल्डिंग की अवधारणा पर निर्मित किया जाएगा। निगम भवन कार्यालय में निगम जी 5 का निर्माण एवं गीता भवन का निर्माण फायर स्टेशन एपार्किंगए प्रशासनिक भवनए सचिव दफ्तर आदि होंगे।

दिपावली मिलन समारोह में शहर वासियों तोहफा

बुरहानुपर। पूर्व अखिल भारतीय राष्ट्रीय महापौर परिषद अध्यक्ष बुरहानपुर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल के मार्गदर्शन में आज दीपावली मिलन समारोह एवं स्नेह भोज का आयोजन पुराने बस डिपो के पास बारादरी परिसर में किया गया। महापौर माधुरी अतुल पटेल ने कहा कि दीपावली केवल उत्सव नहींए बल्कि यह कर्मठ कर्मियों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने ने दिपावली मिलन समारोह में उपस्थित सभी पार्षदो की आपसी सहमति से जलकर की दर 200/रुपये से 100/ किये गये जिसकी उन्होंने शहर वासियों को जलकर 200/ रूपये से सीधे 100/प्रति माह किया गया जिसकी आगामी बैठक में विधिवत सहमति लेकर पारीण किया जावेगा । निगम कर्मचारियों को दिपावली की शुभकामनाएं दीं बुरहानपुर शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में इनकी भूमिका सबसे अहम है। यह दीपावली उन्हीं को समर्पित है ।

एक नजर — बुरहानपुर में औद्योगिक विकास को नई दिशा.....

विधायक के प्रयासों से एमएसएमई विभाग ने औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु आमंत्रित किए आवेदन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध के निरंतर प्रयासों और पहल के परिणाम स्वरूप बुरहानपुर जिले के औद्योगिक विकास को एक नई गति मिलने जा रही है। मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्मए लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा बुरहानपुर के विभागीय औद्योगिक क्षेत्र पावरलूम क्लस्टर बुरहानपुर में 58 रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफइंटरेस्ट ईओआई आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रक्रिया से बुरहानपुर में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगाए जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगारए क्षेत्र में आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल मिलेगा।

विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार,आवेदन प्रक्रिया 1 नवम्बर 2025 से प्रारंभ होकर 15 नवम्बर 2025 को शाम 5 बजे तक विभागीय पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएगी। यह कदम जिले में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा निर्णय माना जा रहा है। प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क 5000 निर्धारित किया गया है। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदकों को अतिरिक्त भूमि हेतु 25 प्रतिशत प्रीमियम राशि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करनी होगी। समस्त प्रक्रिया मध्यप्रदेश एमएसएमई औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। आवेदन प्रक्रिया, नियम और विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

विधायक अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों और नेतृत्व में बुरहानपुर जिले के वस्त्र उद्योग को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शासन एवं केंद्र सरकार की क्लस्टर विकास योजना के तहत

बुरहानपुर में पावरलूम क्लस्टर का निर्माण कार्य मूर्तरूप ले चुका है। इस परियोजना पर करीब 12 करोड़ रूपए से अधिक व्यय किए गए है। यह परियोजना क्षेत्र के पारंपरिक बुनकरों और उद्योगों को एक आधुनिक स्वरूप प्रदान करेगी, जिससे स्थानीय रोजगार और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

बुरहानपुर को दी गई इस सौगात पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझीए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कश्यप का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह क्लस्टर मध्यप्रदेश शासन के 66 प्रतिशत और भारत सरकार के 34 प्रतिशत अंशदान से विकसित किया जा रहा है। परियोजना के लिए कुल 7ण61 हेक्टेयर भूमि निर्धारित की गई हैए, जिसमें से अब तक 64 भूखण्ड विकसित किए जा चुके हैं। इनमें से 13 भूखण्ड अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए आरक्षित किए गए हैं। आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हेतु ऑनलाईन प्रक्रिया रखी जा रही है।

ज्ञात हो कि विगत दिनों श्रीमती अर्चना चिटनिस ने सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कश्यप से मुलाकात कर बुरहानपुर में मूर्तरूप ले चुके पावरलूम क्लस्टर में अतिशीघ्र भू.खण्ड आवंटन की बात कही थी। जिस पर मंत्री श्री कश्यप तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए आवंटन की आगामी कार्यवाही के लिए प्रमुख सचिव को निर्देशित किया था। जिसके परिणाम स्वरूप बुरहानपुर के विभागीय औद्योगिक क्षेत्र पावरलूम क्लस्टर बुरहानपुर में 58 रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट ईओआई आमंत्रित किए गए हैं।

विकास कार्यों की प्रमुख विशेषताएँ :- परियोजना के अंतर्गत बुनकरों और उद्योगों को आवश्यक अवसंरचना सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है, जिनमें शामिल हैं . पक्की सड़कें और आंतरिक मार्गों का निर्माण,नालियों का निर्माण कर जल निकासी की उचित व्यवस्थाए बिजली सब.स्टेशन की स्थापना,पानी की व्यवस्था हेतु दो बोरवेल का निर्माण, पर्याप्त जल संग्रहण के लिए पानी की टंकी,संचालन सुविधा हेतु प्रशासनिक भवन, बुनकरों की सुविधा के लिए दुकानें,वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र एवं बिजली की लाइनें एवं खंभों की स्थापना की गई है। इसके साथ ही क्लस्टर क्षेत्र में मुख्य मार्ग हाईवे से जुड़ाव हेतु सीमेंटीकृत रोड एवं मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण भी किया गया हैए जिस पर लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत आई है। क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट पोल भी लगाए गए , जिससे रात्रिकालीन गतिविधियाँ सुरक्षित और सुगम होंगी।

आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से लाभ:-श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि श्पावरलूम क्लस्टर बुरहानपुर क्षेत्र के आर्थिक विकास का आधार बनेगा। यह केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। हमारे बुनकर भाइयों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर हम उन्हें देश की विकासधारा में अग्रणी बनाएंगे।_ उन्होंने यह भी कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद बुरहानपुर वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में राज्य का अग्रणी जिला बनकर उभरेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।